भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.2433

जिसका उत्तर 03.08.2023 को दिया जाना है

दुर्घटना संभावित स्थान

2433. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

सुश्री एस.जोतिमणि:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने केरल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 'दुर्घटना संभावित स्थानों' की पहचान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने ऐसे स्थानों पर सुरक्षा उपायों के लिए 25 लाख रूपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कार्यों को पूरा करने के लिए क्या योजना तैयार की गई है;

(ग) चयनित स्थानों और कार्यों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(घ) मनमंगलम (सेलम मंडल), कोडनकीपट्टी और वीरारक्कियाम में वीयूपीएस के निर्माण के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) इन परियोजनाओं के अनुमोदन में विलंब के क्या कारण हैं और इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने केरल राज्य में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधीन राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर 371 दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित किया है।

(ख) क्षेत्रीय अधिकारियों (आरओ) को दीर्घकालिक उपायों के माध्यम से दुर्घटना संभावित स्थान के सुधार के लिए प्रति ब्लैक स्पॉट 50 करोड़ रुपये की वित्तीय शक्ति सौंपी गई है। एनएचएआई के परियोजना निदेशकों (पीडी) को अल्पावधि उपायों के माध्यम से पहचाने गए दुर्घटना संभावित स्थान के सुधार के लिए प्रति ब्लैक स्पॉट 25 लाख रुपये की वित्तीय शक्ति सौंपी गई है।

(ग) चिन्हित 371 दुर्घटना संभावित स्थानों में से, एनएचएआई ने 57 दुर्घटना संभावित स्थानों में सुधार कर लिया गया है और 157 ब्लैक स्पॉट में सुधार का काम शुरू कर दिया गया है।

(घ) और (ड़) वीरारक्कियाम (203.350 किमी), कोडनकीपट्टी (215.100 किमी) और मनमंगलम (288.450 किमी) में वाहन अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है।

*****